<u>विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की दिनांक 07/07/2023 को 126 वीं बैठक का आयोजन</u>

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की 126 वीं बैठक श्री पी. एन. शर्मा, मुख्य खान नियंत्रक (प्रभारी) की अध्यक्षता में दिनांक 07/07/2023 को अपराहन 4.00 बजे महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक (टी.एम.पी.) एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम राजभाषा अधिकारी महोदय द्वारा अप्रैल - जून, 2023 के दौरान हिंदी संबंधी किए गए कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् कार्य सूची अनुसार बैठक में पिछली बैठक (125वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। इसके पश्चात जनुअरी - मार्च, 2023 अवधि की मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

साथ ही बैठक में, हिंदी पत्राचार,भारतीय खान ब्यूरो कि 75 वी स्थापना दिवस पर हिंदी पत्रिका के विशेषांक का प्रकाशन, मुखालय के अनुभाग /प्रभाग को नियम 8(4) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट करना , ई – ऑफिस में उपलप्ध हिंदी टिप्पणियों कि गणना एवं अखिल भारतीय राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों का आभार श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा व्यक्त किया गया।

भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक

===***===